हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

9 सैकड़ों प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास



10 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन





## खबर संक्षेप

### सात को रात 9 बजकर 58 मिनट पर लगेगा चंद्रग्रहण

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के मीडिया प्रभारी पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस वर्ष 7 सितंबर रविवार को रात्रि 9 बजकर 58 मिनट पर चंद्रग्रहण लगेगा। ग्रहण की मध्य रात्रि 11 बजकर 41 मिनट एवं ग्रहण का समापन मोक्ष रात्रि में 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। इस दौरान चंद्रमा का रंग लाल दिखाई देगा। यह वर्ष का दूसरा और अंतिम चंद्रग्रहण होगा। चंद्रग्रहण प्रारंभ होने से लगभग 9 घंटे पहले सूतक काल लग जाता है। 7 सितंबर रविवार को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से सूतककाल प्रारंभ हो जायेगा। सूतक काल में शुभ कार्य वर्जित माना गया है। मंदिरों में पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्य नहीं किया जाता है। सूतक काल में मंदिर के पट बंद रहेंगे। मूर्ति विसर्जन करना भी निषेध है। गर्भवती महिलाएं ग्रहण के समय बाहर न निकले।

### उमरगांव में आज से कबड्डी प्रतियोगिता

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में इस वर्ष भी नंदा नवमी नवाखाई पर्व पर राज्यस्तरीय डे नाइड महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 1 एवं 2 सितम्बर को रखी गई है। पुरुष वर्ग में पुरस्कार क्रमशः 12025, 7025, 5025, 3025 रुपए एवं ट्राफी दी जायेगी। प्रवेश शुल्क 400 रुपए रखा गया है। महिला वर्ग में पुरस्कार क्रमशः 5025, 3025, 2025, 1025 रुपए रखा गया है। ट्राफी भी दी जायेगी। 200 रुपए प्रवेश शुल्क है। बेस्ट रेडर, कैचर, आलराउंडर, दर्शक, ब्लाकर में भी इनाम दिए जायेंगे। प्रतियोगिता की तैयारी में उनकरन ठाकुर, दुर्योधन मरकाम, गंगाराम विश्वकर्मा, योगेश मरकाम, रविशंकर मरकाम, किशोर भंडारी, कृष्ण कुमार मारकोले, लोकेश कुंजाम जुटे हैं।

### किसान संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आज

**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती द्वारा आज एक सितंबर को मंडी प्रांगण छाती में कार्यालय पुनरुद्धार सौंदर्यीकरण के अवसर पर समिति के दिव्यांग, सेवानिवृत्त सैनिक, बुजुर्ग कृषकों के सम्मान के साथ किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता रायपुर होंगे। अध्यक्षता ललित कुमार साहू प्राधिकृत अध्यक्ष समिति छाती करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती रंजना साहू भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, नेहरू निषाद पिछड़ा आयोग वर्ग अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव होंगे। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू धमतरी, छाती सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव, मिश्रीलाल पटेल, संतोष चंद्राकर होंगे। यह जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।

### कठौली में रग्बी खेल का आयोजन आज

**सिर्री।** जिला रग्बी फुटबाल एसोसियेशन द्वारा अस्मिता महिला रग्बी लीड अंडर 15, अंडर 18 सीनियर चैंपियनशिप का आयोजन 1 सितंबर को मिनी स्टेडियम कठौली में होगा। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत होंगे। रग्बी कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और ओलम्पिक गेम्स में खेले जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय खेल है।

### पेंशनरों की मासिक बैठक मगरलोड में 5 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 5 सितंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन मगरलोड में रखी गई है। बैठक में जिले के समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया जायेगा। संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र नाग, सचिव मोतीलाल हिरवानी ने जिले के सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

खरीदी मूल्य से 20 गुना ज्यादा दाम में बेचा इंट्रा ऑक्युलर लेंस

# मोतियाबिंद के आपरेशन में लेंस के नाम पर करोड़ों की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

**इंजीनियर्स पब्लिक वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री से की शिकायत**

जिले में हर साल मोतियाबिंद के 5 हजार से ज्यादा मरीजों का आपरेशन होता है। लेंस लगाने के नाम पर इन मरीजों से हर साल करोड़ों की लूट की जा रही है। जो लेंस 750 रुपए में मिल जाता है, उसके लिए मरीजों से 20 गुना तक अधिक वसूली की जा रही है। इंजीनियर्स पब्लिक वेलफेयर एसोसिएशन ने इस लूट को बंद करने के लिए केंद्र सरकार से मोतियाबिंद के इलाज में उपयोग होने वाले लेंस की अधिकतम दर निर्धारित करने की मांग की है।

आज की इस भागदौड़ और मोबाइल, कम्प्यूटर के युग में लोग आंख की बीमारी से परेशान हैं। खासकर मोतियाबिंद जैसी बीमारी से। पहले यह बीमारी एक उम्र के बाद लोगों में होती थी, लेकिन खान-पान में बदलाव के चलते कम उम्र के लोग भी मोतियाबिंद से परेशान हैं। उधर अस्पतालों में इस समस्या को अवसर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मोतियाबिंद के इलाज में उपयोग होने वाले लेंस को 20 गुना ज्यादा दाम में बेचा जा रहा है। कुछ लेंस के लिए 6 और कुछ के लिए 3 गुना ज्यादा वसूली की जा रही है। मोतियाबिंद के मरीजों से इस प्रकार हो रहे खुली लूट को देखते हुए इंजीनियर्स पब्लिक वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित करते हुए इस गोरखधंधा में लगाम लगाने की मांग की है। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव और स्वास्थ्य सचिव सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी भेजी है। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि जिले में ही इस प्रकार की गड़बड़ी से करोड़ों रूपए की लूट की जा रही है। यह खेल जिले में ही नहीं प्रदेश सहित पूरे देश में चल रहा है। ऐसे में मरीजों को अरबों खरबों रूपए का चूना लग रहा है।



### बिजली कर्मियों को मिली राहत

छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनियों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए लागू कैशलेस स्वास्थ्य योजना में आंखों के अस्पतालों द्वारा मोतियाबिंद के उपचार हेतु लगने वाले लेंस में क्वालिटी के नाम से जारी लूट को आंशिक रूप से कम करने के लिए एमआरपी पर 40 प्रतिशत डिस्काउंट देने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत पूरे राज्य में 1 अप्रैल 2025 से 30 अगस्त 2025 तक करीब 150 से अधिक मोतियाबिंद के आपरेशन हो चुके हैं। उन्होंने लोक हित में इंट्राऑक्युलर लेंस को ड्रग प्राईज कंट्रोल के तहत लाने की मांग की है ताकि गरीब वृद्धजन, पेंशनर्स को राहत मिल सके।

### ऐसे होती है लूट

एसोसिएशन के अध्यक्ष पीके खरे ने ज्ञापन में बताया कि इंट्राऑक्युलर लेंस बनाने वाले और आंखों के अस्पतालों द्वारा संगठित होकर मरीजों को लूटने का कार्य किया जा रहा है। 750 रुपए खरीदी कीमत वाले लेंस में 15,000 तक अधिकतम खुदरा मूल्य प्रिंट होता है। मरीज से 15,000 रुपए ही वसूले जा रहे हैं। मोतियाबिंद के आपरेशन में अधिकांश मामलों में हाईड्रोफोबिक फोल्डेबल मोनोक्रोमेटिक इंट्राऑक्युलर लेंस लगाये जाते हैं। कुछ कम्पनियों के लेंस को खरीदी मूल्य से 3-6 गुना ज्यादा मूल्य में बेचा जा रहा है। इस कथन की पुष्टि के लिए उन्होंने बिल की कापी भी प्रेषित की है।

### विक्रय मूल्य का हो निर्धारण

नेशनल फार्मासिटिकल प्राईजिंग अथारिटी द्वारा जारी ड्रग प्राइज कंट्रोल आदेश 2013 के अनुसार अधिसूचित अति आवश्यक दवाईयों का अधिकतम सेलिंग प्राइज का निर्धारण रिटेलरों के औसत क्रय कीमत में 16 प्रतिशत का मुनाफा देकर तय किया जाता है। इसी आधार पर 21 मार्च 2017 को हृदय में लगने वाले स्टेंट की अधिकतम सीलिंग प्राईज 29600 रुपए निर्धारित की गई थी। पहले यह स्टेंट एक से डेढ़ लाख रुपए में बिकता था। सेलिंग प्राइज निर्धारित होने के बाद दिल के मरीजों को राहत मिली है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने 6 अक्टूबर 2005 को इंट्रा ऑक्युलर लेंस को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के अनुसार ड्रग की श्रेणी में सम्मिलित किया है। जिस प्रकार हृदय रोग में लगने वाले स्टेंट के ओवर प्राईजिंग के नाम पर चल रही लूट से आम आदमी को बचाया गया है, उसी प्रकार आंखों के अस्पतालों द्वारा मोतियाबिंद आपरेशन में लगाए जाने इंट्राआक्युलर लेंस का मूल्य निर्धारित कर मरीजों को राहत दी जानी चाहिए।

## गैंती-टंगिया से एटीएम में तोड़फोड़ कर किया चोरी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

■ दानीटोला चौक की घटना

दानीटोला नहर नाका मुख्य मार्ग पर स्थित एटीएम में अज्ञात चोरों ने गैंती व टंगिया से तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया है।

शहर में चोरों के हौसले कितने बुलंद हैं, इसका अंदाजा दानीटोला चौक के मुख्य मार्ग किनारे स्थित एक एटीएम मशीन में तोड़फोड़ की घटना से लगाया जा सकता है। रात्रि में पुलिस की पेट्रोलिंग टीम शहर का गश्त करती है। इसके बाद भी चोरों ने एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी की नाकाम कोशिश को अंजाम दिया है। घटना शुक्रवार की देर रात्रि की है। महिमासागर वार्ड में जैविक खाद प्लांट जाने वाले मोड़ में सड़क किनारे स्थित धनपत साहू के मकान में हिताची का एटीएम है। उक्त एटीएम जिला अस्पताल के पास स्थित सिविल लाइन निवासी हेमलता यारदा पति सोहन लाल उम्र 39 वर्ष के नाम से संचालित है।

गुरुवार की देर रात्रि दो लोग गैंती व टंगिया लेकर एटीएम पहुंचे और वहां पर लगे दरवाजे का कुंदा व कब्जा उखाड़कर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने एटीएम से कैश निकालने का काफी प्रयास किया। कैश नहीं मिलता देख चोरों ने टंगिया व गैंती से प्रहार कर एटीएम में तोड़फोड़ शुरु कर दी। उसके बावजूद चोर एटीएम से कैश की चोरी नहीं कर पाए। शनिवार को एटीएम कर्मियों ने जांच की तो मशीन क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। चोरों ने एटीएम मशीन की कासमेटिक डोर, शूटर, एसएनजी लॉक, प्रेजेंटर, अपर हुड ब्रेकेट व सेफ डोर को क्षतिग्रस्त कर दिया था। घटना के समय एटीएम में डेढ़ लाख रूपए कैश था। मशीन के क्षतिग्रस्त होने से लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है। सूचना पर हेमलता यारदा अपने पति सोहनलाल के साथ शनिवार की सुबह एटीएम पहुंची। तोड़फोड़ की घटना को देखने के बाद सिटी कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305/ए, 331/4, 62 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।



### एटीएम में तोड़फोड़ के आरोपी गिरफ्तार



शुक्रवार की देर रात्रि दानीटोला स्कूल चौक के पास स्थित हिताची एटीएम में तोड़फोड़ की घटना हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेही शनि ढीमर व रामदयाल ध्रुव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार लिया। पुलिस ने आरोपी शनि ढीमर पिता उकेश उम्र 27 वर्ष दानीटोला स्कूल चौक निवासी व रामदयाल ध्रुव पिता बिसनाथ उम्र 40 वर्ष शीतला मंदिर के पास दानीटोला धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। दोनों आरोपियों का थाना सिटी कोतवाली में चोरी का पूर्व आपराधिक रिकार्ड दर्ज है।

## साइकिल चलाते गिरा अधेड़, मौत

**धमतरी।** शहर से काम निपटाकर वापस अपने गांव लौट रहा अधेड़ साइकिल चलाते हुए अचानक सड़क पर गिर गया। इस घटना में अधेड़ की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम कंवर थाना गुरुर निवासी विष्णुराम पटेल पिता उदयराम उम्र 50 वर्ष मजदूरी का काम करता था। रविवार को अधेड़ साइकिल से काम के सिलसिले में धमतरी आया था। काम निपटाकर अधेड़ दोपहर में साइकिल चलाते वापस अपने घर ग्राम कंवर लौट रहा था। इसी दौरान हाउसिंग बोर्ड कालोनी ग्राम पोटियाडीह के पास अधेड़ साइकिल सहित अचानक सड़क पर गिर गया। अधेड़ को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार की दोपहर 2.20 मिनट में मृत घोषित होने के बाद भी शाम तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। परिजन मृतक का पोस्टमार्टम कराने डाक्टर का इंतजार करते रहे, जबकि पंचनामा की कार्रवाई की जा चुकी थी।

## मराठा समाज ने महालक्ष्मी को 56 भोग लगाकर 16 प्रकार की चटनी भाजी चढ़ाई

■ श्रृंगार, आभूषणों से सुसज्जित कर माता की ढाई दिन तक पूजा

■ रविवार को हुआ प्रसादी का वितरण, आज विसर्जन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



मराठा समाज में ढाई दिन महालक्ष्मी का पूजन महोत्सव 30 अगस्त शनिवार को प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष समाज के 25 से अधिक घरों में महालक्ष्मी स्थापना के बाद पूजा-अर्चना हो रही है। शाम को महालक्ष्मी की स्थापना हुई। पूजा-अर्चना, आरती के बाद 56 भोग लगाया गया। रविवार को 16 प्रकार की भाजी चटनी चढ़ाई गई।

मराठा समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे ने बताया कि मराठा समाज में यह पूजन सालों से चला आ रहा है। कुछ घरों में पूजन कार्यक्रम 100 साल से अधिक समय हो गया है। उनके घर में विगत 54 साल से महालक्ष्मी की पूजा हो रही है। समाज के लोगों ने बताया कि महालक्ष्मी की स्थापना के बाद घर में बने व्यंजन, मिठाई, पकवान अर्पित करेंगे। सोमवार को महोत्सव का समापन होगा। माता का मुखौटा हिलाकर विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। प्रतिमा को सुरक्षित घर में रखा जाता है। समाजजनों ने बताया कि इस वर्ष दीपक लोंढे, अशोक पवार, दुष्यंत घोरपड़े, आनंद पवार सहित समाज के 25 से अधिक घरों में महालक्ष्मी की स्थापना की गई है। दर्शन के लिए लोग पहुंचते हैं। समापन पर 32 दीयों से महाआरती होगी।

समाजजनों ने बताया कि स्थापना के बाद साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मन-मस्तिष्क और पूर्ण मनोयोग से पूजन, भोग, आरती करने पर धन-धान्य, सम्पदा, पुत्र, यश, कीर्ति, सम्मान में वृद्धि होती है। इस पूजा को मराठा समाज के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी करते आ रहे हैं। महालक्ष्मी को स्थापना के साथ श्रृंगार, आभूषणों से सुसज्जित करते हैं। ढाई दिवसीय यह कार्यक्रम पूर्ण सादगी से मनाया जाता है।

## सुख, समृद्धि और शांति के लिए मां विंध्यवासिनी की हुई विशेष पूजा

■ दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन पूजन, भोग भंडारा के साथ यज्ञाचार्य और पंडितों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



धर्म की रक्षा, गौ माता की रक्षा, संतों व ब्राम्हणों की रक्षा और विश्व कल्याण के लिए मां विंध्यवासिनी का अभिषेक, श्रृंगार किया गया। दुर्गा सप्तशती पाठ, यज्ञ और 108 दीपों से महाआरती की गई।

जिले सहित पूरे प्रदेश में गौ तस्करी सहित अपराध बढ़ रहे हैं। शहर में आए दिन चाकूबाजी, लूट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थिति को देखते हुए मां विंध्यवासिनी पुजारी कमेटी ने नगर में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया। मां विंध्यवासिनी का अभिषेक, श्रृंगार, दुर्गा सप्तशती पाठ, यज्ञ हवन, पूजन, महाआरती के बाद भोग एवं भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य व पाठकर्ता पंडितों का सम्मान किया गया।

इस दौरान पुजारी कमेटी के वरिष्ठ पुजारी पं जनक प्रसाद शर्मा, संरक्षक मुरली प्रसाद शर्मा, राजेंद्र चतुर्वेदी, अश्वनी दुबे, अध्यक्ष पं नीलकमल शर्मा, उपाध्यक्ष पंडित शुभम दुबे, सचिव पंडित ऋतुराज शर्मा, कोषाध्यक्ष पं धर्मेन्द्र तिवारी, पंडित विजय, वरिष्ठ पुजारी पं ललित शुक्ला, अवधेश शर्मा, भीषम, त्रिलोकी प्रसाद शुक्ला, अरुण तिवारी, सालिक तिवारी, गुड्डू तिवारी, खूबेन्द्र काली शर्मा, पिन्टू शर्मा, उमाशंकर शर्मा, विक्की शुक्ला, कोमल तिवारी उपस्थित थे।

## कार्यक्षमता बढ़ाने विवेचकों को दिया गया प्रशिक्षण

■ एसपी ने अधिकारियों को वैज्ञानिक जांच करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने विवेचकों को कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं एसपी ने अधिकारियों को वैज्ञानिक जांच करने प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में रविवार को जिला पुलिस बल के अधिकारियों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला तीन अलग अलग सत्रों में आयोजित हुई जिसमें जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी एवं विवेचना अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान एसपी ने कहा कि अपराध स्थल की जांच पुलिस विवेचना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रत्येक अधिकारी को इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर अपनी जांच को और अधिक सटीक बनाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक मामलों में दोषसिद्ध किया जा सके। वैज्ञानिक अधिकारी अमित कुमार पटेल ने प्रशिक्षण में बताया कि अपराध स्थल को सबसे पहले सुरक्षित करना आवश्यक है। एफएसएल जांच में पुलिस का सहयोग अत्याधिक महत्वपूर्ण होता है। यदि किसी कारण से वैज्ञानिक अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाए तो पुलिस अधिकारियों को साक्ष्यों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानी रखनी चाहिए। वैज्ञानिक अधिकारी ने किसी भी अपराध स्थल की जांच के दौरान किस-किस सामाग्री एवं उपकरणों की आवश्यकता होती है और उसे किस प्रकार सुरक्षित रखा जाता है, इसकी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान डीएनए, रक्त, डायटम, आग्नेयास्त्र जैसे वैज्ञानिक प्रशिक्षण की अहमियत पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही जिले के कुछ पुराने मामलों का उदाहरण देकर अपराध स्थल जांच की उपयोगिता समझाई गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस विवेचना को वैज्ञानिक व साक्ष्य आधारित बनाना था। जिससे हर मामले की सटीक जांच कर आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जा सकेगा। कार्यशाला में एएसपी मणिशंकर चंद्रा एवं सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने भी एफएसएल की उपयोगिता और वैज्ञानिक जांच प्रक्रिया की बारीकियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान डीएसपी मीना साहू, मोनिका मरावी, रागिनी मिश्रा, थाना व चौकी प्रभारी सहित जिले के विवेचना अधिकारी उपस्थित थे।

### जांच की तीन अहम भूमिका पर जोर

प्रशिक्षण के दौरान साक्ष्य संग्रह में अपराध की सही तस्वीर सामने लाने के लिए भौतिक साक्ष्य जुटाने पर जोर दिया गया। संदिग्धों की पहचान करने में संभावित आरोपियों को चिन्हित करने के वैज्ञानिक विश्लेषण पर प्रकाश डाला गया। इसी तरह अपराध के कारण व तरीका समझने के लिए घटना क्यों और कैसे हुई, इसका निर्धारण करने पर जोर दिया गया।

इतवारी बाजार अपडेट : पत्तागोभी, केला, मूली 30 तो कुंदरू बरबट्टी, गाजर 40 रूपए

## हरी सब्जी अब बजट के भीतर, बाजार में ग्राहकों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

शहर के बाजारों में हरी सब्जियों की आवक बढ़ गई है। इसके अलावा फार्महाउस से बंपर मात्रा में हरी सब्जी धमतरी पहुंच रही है। लोगों को बजट के अंदर ताजी मौसमी सब्जी तीनों टाइम भोजन में प्राप्त हो रही है। लोग थैला भरकर अपनी मनपसंद सब्जियां खरीद रहे हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ दिखाई दी। त्योहारी सीजन और धार्मिक माहौल के चलते ज्यादातर परिवार शाकाहारी हो गए हैं।

सब्जी विक्रेता जयराम पटेल, दीनू पटेल ने बताया कि रविवार को भटा 20 रुपए किलो रहा। लौकी 7 से 10 रुपए किलो बिकी। केला, पत्तागोभी, मूली, लालभाजी, चौलाईभाजी, खट्टाभाजी 30 तो कुंदरू, गाजर, बरबट्टी, कुम्हड़ा, केला, डोड़का, कोचई, प्याजभाजी, पालक 40 रूपये किलो बिकी। टमाटर 25 से 30 रुपए किलो रहा। करेला, तोराई 50 रुपए किलो बिका। ग्वारफल्ली, गोभी, शिमला, परवल, सेमी 60 रुपए किलो बिका। हरी मिर्च 80 में बिकी तो धनिया, ढेंस 100 रुपए किलो रहा। मुनगा, खेखसी 120 रुपए व बिंस 200 रुपए किलो बिका।



### आलू-प्याज 25 रुपए किलो बिका



बारिश में ग्राहकों को आलू प्याज संतुष्टि प्रदान कर रहा है। दो माह से आलू प्याज बाजार में 25-25 रुपए किलो पर स्थिर है। रिफाइंड तेल 120-130 रूपए किलो बिक रहा है। दालें सस्ती हो गई हैं। राहर दाल 90 से 110, मूंगदाल 100, उड़ददाल 100, मसूरदाल 90, चना देशी 75, काबूली 80-100 रूपए, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 90, मसूर खड़ा 80, पोहा 45 रूपए किलो रहा। शक्कर 46, गुड़ 55, हल्दी बेस्ट 200, मिर्च खड़ी 170-300, धनिया 120, जीरा 250, काली मिर्च 750, लहसुन 90-100 रुपए किलो व अंडा 75-78 रुपए दर्जन बिका।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### जन सहयोग ने निराश्रित दंपति की मदद की

**कांकेर।** समाजसेवी संस्था जन-सहयोग ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण समाज सेवा करते हुए पति पत्नि अवध रवानी एवं ताराबाई खंडहर में रह रहें थे। उनकी तबियत भी खराब हो गई थी, जिसे समाज सेवी ने सहायता पहुंचाई। जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि खंडहर मकान तथा आसपास की साफ सफाई कर एक ट्रैक्टर कचरा जन सहयोग द्वारा निकाला गया और उनके लिए भोजन, कपड़ा, बिस्तर व अन्य जरूरी समानो का प्रबंध किया गया। टीम दोनो को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराएगी।

### भाजपा आज कांग्रेस व राजद नेताओं के पुतले फूंकेगी

**कांकेर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत माताश्री के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेताओ द्वारा अभद्र, अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में आज 1 सितम्बर 2025 को दोपहर 2 बजे कांकेर के पुराने बस स्टैंड में राहुल गांधी व राजद नेता तेजस्वी यादव का भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में पुतला दहन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भाजपा के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को समय पर उपस्थित रहने आव्हान किया है।

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 2 से 4 तक दिया जाएगा

**कांकेर।** आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को 02 से 04 सितम्बर तक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में दी जाएगी।

## निधन

### गणेश राव रणसिंह

**धमतरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर संघचालक बांसपारा (मराठापारा) निवासी गणेशराव रणसिंह उम्र 80 वर्ष का 29 अगस्त शुक्रवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर संघ से जुड़े सभी स्वयंसेवकों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। ज्ञात हो कि गणेशराव रणसिंह बांसपारा निवासी पेशे से इंजीनियर थे। वे धमतरी, महासमुंद, आरंग, भाटापारा, रायगढ़ नगर निगम, नगर पालिका में सेवा देते हुए जगदलपुर नगर निगम से सेवानिवृत हुए थे। गणेशराव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल्यकाल के स्वयंसेवक रहे। संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए धमतरी नगर संघचालक के दायित्व का निर्वहन किया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।



### गोविंदराम साहू

**सिर्री।** ग्राम बकली निवासी गोविंदराम साहू 65 वर्ष का 28 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे भानबाई के पति और टीकमचंद के पिता थे। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।




**न्यायालय तहसीलदार कुकरेल जिला धमतरी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202508132400009 ब 121 वर्ष 2024-25

पक्षकार दिनेश कुमार ग्राम सलोनी तहसील कुकरेल जिला धमतरी छ.ग.

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार पिता स्व गंगाराम जाति तेली ग्राम सलोनी प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. कुकरेल तहसील कुकरेल जिला धमतरी छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने पिता गंगाराम पिता नकुलराम का मृत्यु दिनांक 02.08.1990 को गाम सलोनी रा. नि.मं. कुकरेल, तहसील कुकरेल जिला धमतरी में हुआ था। जिसका पंजीयन भूल वश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र जन्म/मृत्यु जिला सांख्यिकी के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय में विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 08.09.25 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथ पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कुकरेल
जिला-धमतरी (छ.ग )


### ग्राम बिरगुड़ी में दीदी के गोठ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# महिला समूह आर्थिक आत्मनिर्भरता की जीवंत मिसाल है : अरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत ग्राम बिरगुड़ी में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अपने संबोधन में श्री सार्वा ने महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं समूह एवं संगठन के माध्यम से अनेक क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह बिहान मिशन की सफलता का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। साथ ही महिला समूहों की नियमित बैठकों के लिए भवन निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप तथा बेलर मंडल महामंत्री दीपक साहू ने महिला समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके निरंतर सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बिहान संकुल अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, सचिव श्रीमती मीना साहू, पीआरपी श्रीमती गौरी साहू, सदस्य श्रीमती रामेश्वरी साहू, श्रीमती संध्या मानिकपुरी, श्रीमती सुमरीत साहू, श्रीमती दुजेश्वरी कश्यप, श्रीमती दीक्षा कश्यप, श्रीमती नमिता कश्यप, कौशल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिहान से जुड़े विभिन्न दीदी समूहों की सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने समूह के माध्यम से स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है। दीदी के गोठ कार्यक्रम ने ग्राम बिरगुड़ी की महिलाओं को न केवल प्रेरणा दी, बल्कि उन्हें संगठित होकर सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश भी दिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ।

## श्रीराम जन्म, वन गमन, सीता स्वयंवर झांकी ने मोहा मन



- रांवा (कुर्रा) में आयोजित अखंड रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

**धमतरी।** ग्राम रांवा (कुर्रा) में आयोजित दो दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता में विधायक ओंकार साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रभु श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। कार्यक्रम स्थल पर सजे-धजे भव्य पंडाल और संगीतमय रामधुनी के बीच श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला। इस दौरान विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें श्रीराम जन्म, राम वनगमन, सीता स्वयंवर, लंका विजय एवं राम राज्याभिषेक जैसी झलकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करते हैं। इन झांकियों के माध्यम से हमारी परंपरा, आदर्श और जीवन मूल्यों का संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचता है। यह आयोजन हमारी आस्था और संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। कार्यक्रम में नरसिंग साहू सेक्टर अध्यक्ष, लालचंद साहू विधायक प्रतिनिधि, जीवराज साहू पूर्व उपसरपंच, धर्मेंद्र पटेल एनएसयूआई, प्रभुराम सिन्हा, मिलाप राम सिन्हा, लखन लाल साहू, त्रिलोकी साहू, मुनाराम साहू, मोहन साहू, लोकनाथ पटेल, भुवन पटेल ,घनाराम साहू, रोशनलाल साहू, रोशनलाल यादव, मोहन साहू, दुलार सिंग, बीरेन्द्र साहू, दुष्यंत साहू, योगेन्द्र सिन्हा, योगराज सिन्हा, चेमन साहू, रेखू साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वैभवी साहू का सहायक संचालक पद पर चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम सांकरा निवासी प्रदीप साहू की पुत्री वैभवी साहू का सहायक संचालक उद्योग प्रबंधक वाणिज्य एवं उद्योग विभाग पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर सरपंच नागेंद्र बोरझा, उपसरपंच हरीश साहू, सचिव मदन सेन, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर भंडारी, वार्ड पंचगण रेवत शांडिल्य, अमेश मरकाम, मुंगेश ध्रुव, लव कुमार साहू, हेमलता साहू, कविता साहू, मोहनी तारक, राधा साहू व रुपेश पटेल, ईश्वर मत्स्यपाल, मिलेन्द्र पटेल ने हर्ष जताया है।

## साहू समाज ने मरीजों की सुविधा के लिए फ्रिज व स्टील चेयर भेंट किए

- साहू समाज को प्रेरणात्मक कार्य के लिए हमेशा जाना जाता है : सतीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी (पचपेड़ी) ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए मरीजों की सुविधा हेतु उपस्वास्थ्य केंद्र रामपुर, पचपेड़ी व तर्रागोंदी को 2-2 नग कंबाइन स्टील सीटिंग चेयर और उपस्वास्थ्य केंद्र सिलौटी को वैक्सीन, मेडिसीन रखने हेतु एक फ्रिज भेंट किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत कुरुद उपाध्यक्ष सतीश जैन ने कहा कि साहू समाज को ऐसे ही प्रेरणात्मक कार्य के लिए हमेशा जाना जाता है जिन्होंने अपने तक ही सीमित न रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्व समाज के हितार्थ काम करना प्रारम्भ किया है जो अनुकरणीय है। अध्यक्ष गिरधारी साहू शिक्षक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल में स्वास्थ्यगत सुविधाओं की कमी होती है जहां पर अधिकतर गरीब, बुजुर्ग, गर्भवती, शिशुवती माताओं का निरंतर उपचार होता है, जिनकी समस्याओं को देखते हुए हमने सामान उपलब्ध कराया है जिनका प्रत्यक्ष लाभ यहां के लोगों को मिलेगा।

जनपद पंचायत कुरुद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने समाज के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सोचने व काम करने का तरीका बदल चुका है। अब हमारा समाज नवाचार करते हुए ऐसे कार्य कर रहा है जिसका अनुसरण अन्य समाज भी करता है।

इस अवसर पर भोलाराम साहू, चोवाराम साहू, भगवती राम, मीलूराम, सविता गंजीर, दुर्गा साहू, भूमिका, चेतन, श्यामू, विजय, हरबन, नरेन्द्र, माखन, तेजराम, गंगाराम, विनय, ऋषि, मानूराम, स्वास्थ्य विभाग से सेवती साहू, डुमेश यादव, धनंजय साहू, सोनऊ निषाद समेत समाजजन व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे बताए

- कृषि विज्ञान केंद्र संबलपुर में प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड/धमतरी



कृषि विज्ञान केंद्र संबलपुर में भगवान बलराम की जयंती मनाई गई। प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती, ्लिहन उत्पादन को प्रोत्साहन देने पर कार्यशाला रखी गई।

मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री दुलार सिन्हा, प्रगतिशील कृषक शशि पवार, रोहिताश मिश्रा थे। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक अमित सिंह, कृषि वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने प्राकृतिक खेती के फायदे बताए। बताया कि रासायनिक उर्वरक एवं खाद के कारण मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। राज्य एवं केंद्र सरकार जल संरक्षण के लिए कम पानी वाले दलहन तिलहन फसल को बढ़ावा देते हुए प्रति एकड़ 5000 रूपए अनुदान दें एवं बिजली बिल माफ करें। इससे बिजली की बचत होगी। भूजल स्तर बना रहेगा। इससे विदेशी दलहन तिलहन पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। पशुपालन को प्राथमिकता दी जाए। खुले में घूम रहे जानवर के लिए प्रत्येक पंचायत व्यवस्था करें। जिला कृषि उपसंचालक मोनेश साहू ने कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। पशुपालन, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण पर चर्चा की। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक शक्ति वर्मा, दीपिका चंद्रवंशी, डॉ मयंक पटेल कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने भी अपने विचार रखे। मौके पर डॉ कपिल पटेल, ठाकुरराम साहू, तोमन साहू, वेदराम साहू, राजकुमार चंद्राकर, रामेश्वर सिन्हा, देवलाल निषाद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### घटुला हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की मांग

**नगरी।** ग्राम घटुला के शीतला देवी शासकीय हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की मांग शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से की है। ग्रामीणों ने कहा कि हायर सेकेंडरी सुविधा मिलने से छात्र-छात्राओं को दूरस्थ स्थानों पर पढ़ाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल बेलरगांव महामंत्री मोनू साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, कीर्ति कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू एवं परमेश्वर साहू उपस्थित थे।

## आदिवासी गोंडवाना समाज आज मनायेगा नवाखाई पर्व

- 14 सितम्बर को गोंडवाना भवन नगरी में होगा तहसील स्तरीय ठाकुर जोहार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदिवासी गोंडवाना समाज का आस्था और संस्कृति से जुड़ा महापर्व नवाखाई पूरे सिहावा अंचल में 1 सितम्बर को पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व नई अन्न फसल को सबसे पहले आराध्य देव को अर्पित कर धरती माता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा का प्रतीक है। परिवारजन नई अन्न फसल आराध्य देव को अर्पित करेंगे और प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। ग्राम स्तर पर ठाकुर जोहार का आयोजन होगा। 7 सितम्बर को 19 उपक्षेत्रों में ठाकुर जोहार धूमधाम से मनाया जाएगा। 14 सितम्बर को तहसील स्तरीय नवाखाई एवं ठाकुर जोहार का आयोजन गोंडवाना भवन नगरी में होगा। इन अवसर पर समाजजन पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पूजा-अर्चना, गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक पहचान को अभिव्यक्त करेंगे। सामूहिक भोज और ठाकुर जोहार से समाज में आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया जाएगा।

समाज के पदाधिकारी डोमार सिंह ध्रुव एवं प्रमोद कुंजाम ने बताया कि नवाखाई केवल नई फसल ग्रहण करने का पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, धरती माता, अन्न और आराध्य देव के प्रति आभार प्रकट करने का सबसे बड़ा अवसर है।

### पंचायत ने दी श्रद्धांजलि योजना की राशि

**नगरी।** ग्राम पंचायत सांकरा द्वारा मृतक दीनानाथ पटेल के भाई दीनबंधु पटेल को श्रद्धांजलि योजना की राशि 2000 रूपए दी गई। मौके पर सरपंच नागेंद्र बोरझा, उपसरपंच हरीश साहू, वार्ड पंच रेवात शांडिल्य, अमेश मरकाम, मुंगेश ध्रुव, लवकुमार साहू, हेमलता साहू, कविता साहू, मोहनी तारक, राधा साहू उपस्थित थे।

## नगरी में विराजे गणेशजी



नगरी : श्री गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड सेमरा।



नगरी : नवज्योति कलकुंज रामायण मंडली जंगलपारा वार्ड नं 5।

### सिविल अस्पताल में मनाया गया 40वां नेत्रदान पखवाड़ा

# अब तक कुरुद विकासखंड से 20 लोग कर चुके हैं नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



सिविल अस्पताल कुरूद में जिला स्वास्थ्य समिति उपसमिति (अंधत्व) अध्यक्ष अबिनाश मिश्रा कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कौशिक के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ राजेश सूर्यवंशी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमराज देवांगन, डॉ जेपी दीवान, जिला सहायक नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ गुरुशरण साहू के मार्गदर्शन में 40 वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया।

विकासखण्ड नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ क्षितिज साहू ने बताया कि 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक पूरे भारत में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो लोगों के जीवन में उजाला आ सकता है। इसके लिए पखवाड़े भर अलग-अलग कार्यक्रम कुरूद विकासखण्ड में आयोजित किए जाएंगे। मरणोपरांत नेत्रदान से किसी और के अंधेरे जीवन में उजाला लाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इसी सिलसिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। अब तक धमतरी जिले में 55 लोग नेत्रदान कर चुके हैं जिसमें 31 धमतरी से एवं 14 अन्य जिले से हैं। इनमें सर्वाधिक 20 नेत्र दानदाता कुरूद विकासखण्ड से हैं। इस दौरान स्टाफ सहित 10 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बीपीएम रोहित पांडेय, विकासखण्ड सहायक नेत्रदान अधिकारी डॉ लोमेश कुर्रे, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी डॉ प्रवीण टण्डन, बीई डी के ठाकुर, बालाजी सिन्हा, राजकुमार साहू समेत स्टाफ नर्स एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित थे ।

## मुचकुन्द ऋषि पर्यटन सहकारी समिति के गयासिंह बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

श्री मुचकुन्द ऋषि पर्यटन सहकारी समिति मेचका में सर्व सहमति से संचालक मंडल चुना गया।

अध्यक्ष गयासिंह मांझी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बिसेन, सचिव संतोष नेताम चुने गए। सदस्यों में दिनेश यादव, रुपेश्वर नाग, बिदेराम नागेश, ब्रम्हादेव शांडिल्य, विमला ध्रुवा, सेजबाई मरकाम, घनश्याम नेताम, खामसिंग मांझी शामिल हैं। मौके पर मेचका सरपंच जीवनलाल नाग, उपसरपंच परमात्मा कुंजाम, सचिव बीआर कुलदीप, ग्राम पटेल श्यामल साय धुर्वा, फूलसिंह नेताम, विमला धुर्वा पूर्व सरपंच, सेजबाई ध्रुव, सिरधन सोम जनपद सदस्य, नरेश मांझी सरपंच बेलरबाहरा, दिनेश यादव, रुपेश्वर नाग, ब्रम्हदेव शांडिल्य, घनश्याम नेताम, राजूराम नाग, तरुण मरकाम, मेहताब नेताम, परमात्मा कुंजाम, रामशरण नेताम, शीतल भंडारी, लोकेश्वर साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### एनएसएस स्वयंसेवकों का हुआ उन्मुखीकरण

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर एलके साहू, संचालक फ्रीडम एकेडमी धमतरी, वरिष्ठ स्वयंसेवक संकेत कुमार, विभा पाण्डे, महिमा मसीह, नितेश साहू, कामेश भारती, धर्मेंद्र नेताम, प्राचार्य श्रीमती अनीता वैद्य थे। वक्ताओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रासेयो की गतिविधियों, राज्य एवं प्रदेश स्तरीय शिविरों की जानकारी दी।एलके साहू ने अनुशासन और सैनिक शिक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन थनेश्वर चक्रधारी एवं किरण ने किया। इस आयोजन में टमेश्वरी साहू, दुर्गा साहू एवं पुरुषोत्तम बांधे की भूमिका रही।

### मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एमआर निषाद 75 वर्ष का 30 अगस्त शनिवार को निधन हो गया। इससे प्रदेश के निषाद समाज में शोक की लहर है।



उनके निधन से मछुआरा समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। छग पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिलाध्यक्ष चंदूलाल निषाद, उपाध्यक्ष हरक राम निषाद, महासचिव नारायण लाल निषाद, कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, अंजोर निषाद, संतोषी निषाद, राजू निषाद, मनराखन निषाद, शिवशंकर निषाद, ललित निषाद, डॉ सुनील निषाद, मधु निषाद, संतोष, चन्दन, फागू निषाद, केवल निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद सहित समाजजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### अनुशासन के साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर

**धमतरी।** संकुल केंद्र सलोनी में नवनियुक्त प्राचार्य वीरेंद्र कुमार श्रीवास का अभिनंदन किया गया। इसके बाद सत्र की बैठक प्रारंभ हुई जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के विद्यार्थियों में अनुशासन के साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। साथ ही मुस्कान पुस्तकालय को संचालित कर बच्चों को समय के सदुपयोग को बताना शामिल था। बच्चों में बढ़ती नशापान की प्रवृति को रोकने के लिए जनसहयोग की अपेक्षा के साथ संकुल केन्द्र सलोनी का शिक्षा तथा खेल में स्थान बनाने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए कहा गया। बैठक में प्राचार्य वीरेंद्र कुमार श्रीवास, आरएस साहू सालहेभाट, जेआर नेताम सलोनी, डीके साहू छुही, चमेली साहू दरगहन, पूर्णिमा साहू आश्रम शाला, मोमिन निषाद नयाडीह, डोमेश्वर साहू दरगहन, बंजारे मैडम सलोनी, संकुल समन्वयक भागवत राम साहू उपस्थित थे।

### कन्हारगांव में रेडियो वार्ता दीदी के गोठ सुनी गई



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कन्हारगांव में बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संदेश तथा स्व सहायता समूह की दीदी द्वारा अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानी सभी ने सुनी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, विशेष अतिथि जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, सरपंच विमला गोटा, पंच छत्रपाल यदु, सचिव कुमुदनी खरे सहित स्व सहायता समूह की सभी दीदियाँ उपस्थित रहीं।

---

नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव दूर होता है

# सैकड़ों प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मकई गार्डन में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक उमराव साहू एवं श्रीमती उत्तरा सिंह गौतम ने वार्म अप के बाद बैठकर, खड़े होकर एवं लेटकर किए जाने वाले योगासनों का अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव से राहत मिलती है। पाचन तंत्र मजबूत होता है। फेफड़ों और मस्तिष्क में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है। सर्वाइकल, कमर और पीठ दर्द जैसी समस्याओं से निजात पाई जा सकती है। इस दौरान विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों के बीच योग



प्रतियोगिता आयोजित की गई। 10 से 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम कनिष्का सिंह गौतम, द्वितीय खुशी साहू, 14 से 18 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम थामेश्वरी साहू, द्वितीय रुचि साहू, 18 प्लस वर्ष महिला वर्ग में प्रथम सरिता जोशी, द्वितीय भावना यादव, 14 से 18 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम उमेंद्र सेन, द्वितीय वरुण नाग,18 प्लस पुरुष वर्ग में प्रथम चतुर राम साहू, द्वितीय निखिल अग्रवाल रहे।

योग सहायिका रुचि साहू ने प्रत्येक आसन का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि लक्ष्मण साहू ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि रीता लुंकड़ ने कहा कि खेलकूद और योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। छत्तीसगढ़ योग आयोग से श्रीमती उत्तरा सिंह गौतम ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी फिटनेस के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए।



## छग टीचर्स एसोसिएशन ने नए डीईओ का किया स्वागत

■ एलबी संवर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई धमतरी ने अध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकर के नेतृत्व एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, महिला प्रकोष्ठ प्रांतीय प्रतिनिधि श्रीमती सविता छाटा की उपस्थिति में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल का स्वागत किया। इस दौरान डीईओ से धमतरी जिले के एलबी संवर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए युक्तिकरण में हुई भर्राशाही पर ध्यान आकृष्ट कराया। जिला अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास एवं जिले में छात्रों की गुणवत्ता हेतु विद्यालयों में बेहतरीन शिक्षा व्यवस्था प्रदान



करने में छग टीचर्स एसोसिएशन जिला कार्यालय का साथ देगा। मौके पर जिला सचिव बलराम तारम, उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, महामंत्री डॉ आशीष नायक, कैलाश प्रसाद साहू, तुनेश्वरी साहू, परविंदर कौर गिल, ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड रमेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कुरुद दिनेश कुमार साहू, देवेंद्र भारद्वाज, उत्तम कुमार साहू, शीतल नायक, शेषनारायण साहू, जसवंत सिंह साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शारीरिक शिक्षक संघ की ममता जिलाध्यक्ष बनी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला शारीरिक शिक्षक संघ का चुनाव राज्य पर्यवेक्षक हरीश देवांगन, पीतांबर पटेल मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुंतल बागमर, शरद पंसारी की उपस्थिति में हुआ। कुल 83 वोटर थे जिसमें से 78 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तीनों पद के लिए तीन बैलेट पेपर जारी किए गए थे। अध्यक्ष के लिए नीला बैलेट पेपर, सचिव के लिए पीला बैलेट पेपर और कोषाध्यक्ष के लिए लाल बैलट पेपर जारी किया गया था।

अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार श्रीमती ममता ठाकुर, जेपी देव थे। सचिव पद के दो उम्मीदवार खिलेंद्र साहू, संदीप सिन्हा थे। इसी तरह कोषाध्यक्ष के दो उम्मीदवार हेमलाल सिन्हा, गोपाल साहू थे। जिलाध्यक्ष श्रीमती ममता ठाकुर, सचिव खिलेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष हेमलाल सिन्हा चुने गए।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

■ मोदी के मन की बात सदैव नई ऊर्जा देती है : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद विधानसभा के बूथ क्र. 87 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 125वें मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात में देश के विभिन्न राज्यों में आई आपदा से हुए नुकसान और जनहानि पर विस्तार से चर्चा की।

जनपद अध्यक्ष कुरुद श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में बादल फटने और सैलाब से हुई आपदाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने और अन्नदाताओं की आय दोगुनी करने के लिए सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का जिक्र किया। भाजपा नेता चोवाराम गंजीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सदैव नई ऊर्जा और जनसेवा





के लिए प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सविता गंजीर, हेमन्त साहू, यीशु साहू, ओमिम साहू, संतोषी साहू, झामिन साहू, बिसाहिन साहू, देहुति साहू, टोमिन साहू, प्रिया साहू, सुमित कुमार, भुनेश्वरी, तोरण साहू उपस्थित थे।

## सहायक शिक्षक फेडरेशन डीईओ से मिला



**धमतरी।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल से मुलाकात की। औपचारिक चर्चा उपरांत संगठन ने विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर दौलत ध्रुव जिला अध्यक्ष, राजकुमार क्षत्रिय, नवीन मार्कण्डेय, लुकेश साहू, तेजलाल साहू, अभिषेक सिंह, शंकर दास मानिकपुरी, अवध यादव, दुष्यंत कुमार सिन्हा, पीताम्बर कंवर उपस्थित थे।

# जिले के सैकड़ों गांवों में सुनी गई मन की बात





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के आह्वान पर जिले के सैकड़ों गांव में हजारों लोगों द्वारा पीएम मोदी के मन की बात सुनी व देखी गई। मन की बात में प्रधानमंत्री ने अभी हाल ही में देश के भीतर जो प्राकृतिक आपदा आई थी, उसमें समाज सेवी संगठनों के साथ देश के जवानों द्वारा जो राहत कार्य किया गया, उसकी सराहना की।

पहली बार जम्मू कश्मीर के डल झील श्रीनगर इलाका में खेलो इंडिया के तहत खेल का आयोजन हुआ, उस पर भी खुशी जाहिर की। देश के लाखों युवा जो यूपीएससी की तैयारी करते हैं और उसमें सफल नहीं हो पाते जिसके कारण वह मायूसी के घेरे में आ जाते हैं। ऐसे युवाओं के लिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है जिसके जरिए बड़ी-बड़ी प्राइवेट कंपनियां रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के विचारपुर में फुटबॉल की क्रांति आई। जर्मनी के कोच ने यहां के बच्चों को विशेष प्रशिक्षण देने जर्मनी आमंत्रित किया। यह देश के लिए गर्व का विषय है। ऑपरेशन पोलो पर भी मोदीजी ने देशवासियों के साथ अपनी बात साझा की जिसमें निजाम शासन को ढहाने में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका की सराहना की। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी।

## रामधुनी में जीवंत प्रहसनों ने किया प्रभावित

■ सोरिद वार्ड में तिजहारिनों के लिए रामसत्ता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तीजा पर्व के अवसर पर सोरिद में दो दिवसीय रामधुनी गायन का कार्यक्रम रखा गया। मंडलियों ने धार्मिक प्रहसन की जीवंत प्रस्तुति देकर दर्शकों को प्रभावित किया।

सोरिद और जोधापुर वार्ड के नागरिकों के सहयोग से तीजा पर्व पर श्री राधाकृष्ण मंदिर सोरिद परिसर में दो दिवसीय रामधुनी गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ रामू रोहरा महापौर और भाजपा जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित ने किया। प्रथम दिवस जय गजानंद रामधुनी सोरिद भर्रीपारा एवं जय मां दन्तेश्वरी



रामधुनी मंडली आमदी की प्रस्तुति हुई। द्वितीय दिवस जय गजानंद रामधुनी मंडली सोरिद, जय महामाया रामधुनी मंडली किकिरमेटा, जय बजरंग रामधुनी मंडली लासाटोला अर्जुन्दा, जय मां खल्लारी रामधुनी मंडली चिरपोटी, जय दुर्गे रामधुनी परिवार खोरदो गुरूर के कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन में समिति के सदस्य श्रीमती आशा यादव, श्रीमती तेजबाई पटौदी, श्रीमती फूलबती पटौदी, श्रीमती रजवंतीन बाई पटौदी समेत सोरिद एवं जोधापुर वार्ड के वार्डवासियों का सहयोग रहा। मंच संचालन हीरालाल गजेन्द्र, पुषोत्तम देवांगन, आनंद, पटौदी ने किया।

## ग्रामीण साहू समाज छाती के पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए

**पुरी।** रविवार को साहू भवन में ग्रामीण साहू समाज छाती के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव, अंकेक्षक का गठन सर्वसम्मति से किया गया। पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण नरेंद्र कुमार साहू ने दिलाया। सभापति उदयराम साहू ने सभी पदाधिकारियों से समाज हित में बेहतर कार्य की अपेक्षा जताई।



# खेलों से भाईचारा और राष्ट्र प्रेम की भावना मजबूत होगी : ज्योति



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी संतोष विश्वकर्मा एवं उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने विद्यार्थियों, खेलप्रेमियों , नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदगणों को खेल भावना, अनुशासन और नशामुक्त समाज की शपथ दिलाई गई।

वक्ताओं ने मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन और उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने खेलों से राष्ट्र का गौरव बढ़ाया। समारोह में यह संकल्प लिया गया कि खेलों के माध्यम से भाईचारा और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण डुमेंद्र गैंगबेर, छवि निर्मलकर, हितेंद्र साहू सहित स्वच्छता समूह की दीदियां एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जान से मारने की नियत से युवक को दौड़ाया, ग्रामीणों ने बचाया

**कांकेर।** काम करने के बदले में पैसा नही देने से नाराज ग्रामीण ने गांव के ही युवक के साथ गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी अपने हाथ में टंगिया लेकर पीड़ित को जान से मारने के लिए दौड़ाया। जैसे तैसे युवक ने अपनी जान बचाई, नही तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के तीन सप्ताह बाद युवक ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे करप निवासी 42 वर्षीय शंकर देवदास पिता गोपाला राम देवदास ने पुलिस को बताया कि 9 अगस्त की शाम साढ़े 5 बजें करप निवासी राजू नेताम अपने हाथ में टंगिया लेकर स्कूल मैदान पास आया और मुझे देखकर बोला कि मै तुम्हारे पास काम किया हूं, उसका पैसा मुझे नही दे रहे हो। ऐसा बोलते हुए गाली दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए तुम्हारे पास काम करने के एवज में मुझे पैसा क्यो नही दे रहा कहते हुए टंगिया को लेकर मुझे दौड़ाया। उसके हाथ में टंगिया देखकर और उसके गुस्से देखकर मै डरकर वह से भागकर अपना जान बचाया हूं। आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव नहीं किया होता, तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू नेताम के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## कैट के योगेंद्र अध्यक्ष एवं हरीश व राकेश बनाए गए कार्यकारी अध्यक्ष

■ जिला ईकाइयों की घोषणा कर पदाधिकारी किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की प्रदेशस्तरीय बैठक कैट प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए राजनांदगांव, कुरूद, बागबाहरा, महासमुंद, बसना और बिलासपुर (महिला) इकाई का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमेन मगेलाल मालू एवं विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सिंह और प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल








उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल की अनुशंसा पर संपन्न इस बैठक में नवनियुक्त अध्यक्षों के नाम अनुमोदित किए गए। कुरूद इकाई अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केला, राकेश जैन, महामंत्री खिलेंद्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष धनेश बैस, उपाध्यक्ष रवि चंद्राकर, आशीष शादीजा, योगेश जैन, मो. इकबाल, मंत्री विनोद अग्रवाल, रोशन निर्मलकर, मीडिया प्रभारी अनूप यादव एवं अंशुल राजपूत नियुक्त किये गये। अमर पारवानी ने कहा कि ये सभी इकाई स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करेगी और व्यापारी समाज को सशक्त बनाने में मदद करेगी।

## खबर संक्षेप



### मकेश्वर वार्ड में सुनी गई मन की बात

**धमतरी।** मकेश्वर वार्ड के बूथ क्रमांक 130, 131 में पीएम मोदी के मन की बात सुनी गई । मौके पर प्रभारी दिलीप पटेल, नंदू लोधी, प्रकाश लहरे, बूथ अध्यक्ष द्वय नरेंद्र नगारची, शंकर मानिकपुरी व देवराज पटेल, शिव यादव, रानी ध्रुवंशी, शैलेन्द्री बंजारे, सरोज टंडन, अनुसुइया बाई, मोंटू पटेल उपस्थित थे।

### वरिष्ठ भाजपा नेता गजराज से रंजना ने लिया आशीर्वाद





**धमतरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता गजराज जैन से मुलाकात करने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू उनके निवास पहुंची। उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कुशलक्षेम पूछा एवं शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री जैन ने जनसंघ भारतीय जनता पार्टी की विकास यात्रा के संघर्ष के अवगत कराया साथ ही श्रीमती साहू को नई जिम्मेदारी का पूरी लगन एवं मेहनत के साथ निर्वहन करने की बात कही। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, भाजपा कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, पूर्व महामंत्री कविन्द्र जैन, डीपेन्द्र साहू, पार्षद कोमल सार्वा, भाजयुमो कार्यकर्ता दौलत वाधवानी उपस्थित थे।

### जनता की जेब में सरकार की डकैती योजना सितंबर से प्रभावी : शरद

**धमतरी।** बिजली उपभोक्ताओं को सितंबर माह से भारी भरकम बिजली बिल देना होगा। 20 पैसे



बढ़े हुए दर पर बिजली बिल 1 सितंबर से घरों में आएगा। 100 यूनिट से ज्यादा उपयोग करने पर हाफ बिजली बिल योजना का लाभ भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाएगा। बिजली उपभोक्ताओं पर एक साथ दोहरी मार पड़ रही है। सरकार की इस नीति को जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने जनता की जेब पर सरकार की डकैती बताते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा की सुशासन वाली साय सरकार लगातार जनता को लूटने का काम कर रही है। बिजली बिल हाफ योजना की लिमिट को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट कर दिया गया है। सरकार ने अपने कार्यकाल के 18 महीने में चौथी बार बिजली की दर में बढ़ोतरी की है। महतारी वंदन योजना की 1000 रुपए की राशि महिलाओं को दी जा रही है, उसकी वसूली बिजली बिल बढ़ाकर व 400 यूनिट बिजली हाफ योजना बंद कर की जा रही है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के समापन पर विजेताओं का हुआ सम्मान, ट्राफी दी गई

# खिलाड़ियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

- संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम अंतर्गत निकली साइकिल रैली, महापौर ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 से 31 अगस्त तक जिला स्तर पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में विजेताओं का सम्मान किया गया। संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन हुआ।

साइकिल रैली इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी से लक्ष्मी निवास चौक, विंध्यवासिनी मंदिर से गणेश चौक, सदर बाजार, जैन मंदिर से गौरव पथ होते हुए इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में समाप्त हुई। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली की शुरूआत की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कौशिल्या देवांगन, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, तल्लीनपुरी गोस्वामी, श्रीमती चन्द्रभागा साहू, श्रीमती विभा चन्द्राकर , लक्ष्मण साहू, शिरोमणी राव घोरपड़े थे।

मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। छात्र पढ़ाई के साथ खेल को भी जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। नगर निगम खेल बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करेगा ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिले। अन्य अतिथियों ने कहा कि फिटनेस और स्वास्थ्य ही सफलता की कुंजी है।

इसके बाद विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया। 100 मीटर दौड़ (बालक अंडर 20) में प्रथम राहुल, द्वितीय मुरलीधर, 100 मीटर दौड़ (बालक 20 वर्ष से अधिक) में प्रथम अंश यादव, द्वितीय आयुश, 100 मीटर दौड़ (बालिका अंडर 20) में प्रथम चन्द्रकला, द्वितीय आरती निर्मलकर, 100 मी. पैरा दौड़ बालिका में प्रथम ज्योति, द्वितीय पलक, 400 मीटर (बालक अंडर 20) वर्ग दौड़ में प्रथम लोकेश दास, द्वितीय आयुष, 400 मीटर (बालक 20 वर्ष से अधिक) में प्रथम रामकरण, द्वितीय राहुल, रिले रेस में प्रथम चेतन एवं साथी कुरूद टीम, द्वितीय आशीष एवं साथी धमतरी टीम, रस्साकसी प्रतियोगिता में मूकबधिर विद्यालय धमतरी, शतरंज (बालक अंडर 20) में प्रथम आरूष पाल, द्वितीय प्रहर्ष कश्यप, शतरंज (पुरूष 20 वर्ष अधिक) में प्रथम निखिल अग्रवाल, द्वितीय अब्दुल सत्तार खान, किक बाक्सिंग बालक (14 वर्ष) में प्रथम तन्मय निर्मलकर, द्वितीय यनेन्द्र साहू, किक बाक्सिंग बालक (17 वर्ष) में प्रथम आशीष गौतम, द्वितीय हिमांशु सोनी, किक बाक्सिंग बालिका वर्ग में प्रथम नम्रता साहू, द्वितीय रिया मोरे, कराते बालिका (12 वर्ष से कम) प्रथम काव्या देवांगन, द्वितीय संस्कृति शर्मा, कराते बालिका (12 से 15 वर्ष) में गौरी चक्रधारी, द्वितीय हंशिका सार्वा, कराते बालक (12 से 15 वर्ष) में प्रथम हर्ष नाग, द्वितीय युवान ढीमर, कराते बालिका (18 वर्ष से अधिक) में प्रथम संतोषी मत्स्यपाल, द्वितीय प्रियंका विश्वकर्मा, कुश्ती बालक 14 वर्ष में प्रथम कुलदीप ध्रुव, द्वितीय पारस कुंभकार, कुश्ती (14 वर्ष से अधिक) में प्रथम यमन, द्वितीय आयुष, कुश्ती बालिका (14 वर्ष) में प्रथम डेविना सिन्हा, द्वितीय श्रीविद्या, कुश्ती बालिका (14 वर्ष से अधिक) में तमन्ना यादव, द्वितीय पायल नेताम, बैडमिंटन पुरूष डबल्स में प्रथम आशीष मानिक एवं महेश रजक, बैडमिंटन पुरूष सिंगल में प्रथम बीके लकड़ा, द्वितीय नरेश यादव, योग बालिका (10 से 14 वर्ष) वर्ग में प्रथम कनिष्का सिंह, द्वितीय खुशी साहू, योग बालिका (14 से 18 वर्ष) में प्रथम तामेश्वरी साहू, द्वितीय रूचि साहू, योग बालिका (18 वर्ष से अधिक) में प्रथम सरिता दोशी, द्वितीय भावना यादव, योग बालक (14 से 18 वर्ष) में प्रथम उमेन्द्र सेन, द्वितीय वरूण नाग, योग बालक (18 वर्ष से अधिक) में प्रथम चतुर राम साहू, द्वितीय निखिल अग्रवाल, टेबल टेनिस बालिका प्रथम में फाल्गुनी यादव, द्वितीय रूपाली यादव रहे।

# नगर निगम को मिली 7 करोड़ 67 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- महापौर रामू रोहरा का प्रयास रंग लाया



नगर निगम को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु संयंत्रों की स्थापना, उन्नयन, विकास एवं संचालन के लिए 7 करोड़ 67 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। यह उपलब्धि महापौर रामू रोहरा के अथक प्रयास से मिली है।

भाजपा से महापौर बनने के बाद से ही धमतरी नगर निगम को लगातार विकास की सौगातें मिल रही हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव धमतरी के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं और नित नए कार्यों की स्वीकृति देकर नगर का कायाकल्प सुनिश्चित कर रहे हैं। महापौर श्री रोहरा ने मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि धमतरी के लिए स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। इससे शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत होगी और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। सभापति कौशल्या देवांगन समेत पार्षदों ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और महापौर का आभार व्यक्त किया और इसे धमतरी के उज्वल भविष्य की दिशा में अहम कदम बताया।

# प्रारंभिक शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे आंगनबाड़ी

- नगर निगम में आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण, रखरखाव समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर ने की। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण, सहायिकाओं एवं कार्यकर्ताओं के वेतन भुगतान, भवनों के रख-रखाव, नवीन आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे कई अहम विषयों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग की योजनाएं समाज की जड़ों को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आंगनबाड़ी केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नगर निगम का लक्ष्य है कि प्रत्येक वार्ड में सशक्त एवं सुसज्जित आंगनबाड़ी भवन उपलब्ध हों और योजनाओं का लाभ समय पर प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचे। बैठक में पार्षदगणों एवं अधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे और महिला एवं बाल विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव दिए। साथ ही यह निर्णय लिया कि सभी प्रस्तावों और स्वीकृत कार्यों का समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जाएगा। बैठक में निगम के अधिकारी, कर्मचारी तथा पार्षद अनीता अग्रवाल, आशा लोधी, संजय देवांगन, कोमल सार्वा, सतीश पवार, छोटू वर्मा उपस्थित थे।

# ननि ने एसटीपी प्लांट एवं सोरिद डिपोपारा में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- वृक्ष जीवन का आधार है : महापौर



पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने की दिशा में नगर पालिक द्वारा निरंतर सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत मुजगहन स्थित एसटीपी प्लांट परिसर एवं सोरिद डिपोपारा में पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल, सभापति कौशिल्या देवांगन ने किया। इस दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि केवल पौधरोपण ही नहीं बल्कि उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी सभी को मिलकर निभानी होगी। एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों ने भी इस पहल की सराहना की और नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरणीय अभियान को समाजहित में महत्वपूर्ण बताया।

# विशेष बच्चों ने खेलों में दिखाई अपनी रूचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सार्थक स्कूल एवं स्पेशल ओलंपिक भारत, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में नेहरू स्कूल परिसर में विविध खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बोच्ची प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में वत्सला साहू प्रथम, देवश्री सार्वा द्वितीय रही। बालक वर्ग में अर्जुन चक्रधारी प्रथम और यज्ञदत्त साहू द्वितीय रहे। व्हीलचेयर श्रेणी में दीपाली सोनी एवं करण नामदेव ने भाग लिया, जिसमें करण नामदेव विजेता रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सत्यांशु दीप प्रथम एवं कुलदीप साहू द्वितीय, जबकि बालिका वर्ग में मनीषा साहू प्रथम एवं प्रीति साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। बुक बैलेंसिंग प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में मनीषा साहू प्रथम एवं वत्सला साहू द्वितीय रहीं। बालक वर्ग में अर्जुन चक्रधारी ने प्रथम तथा कुलदीप बंजारे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साइक्लिंग प्रतियोगिता में प्रथम अर्जुन चक्रधारी एवं नेमेश साहू द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने कहा कि विशेष बच्चे बहुत निश्चल और कोमल हृदय वाले होते हैं। इनमें प्रतिस्पर्धा की भावना नहीं होती, बल्कि ये सब मिलकर खेलते हैं और एक-दूसरे की खुशी में शामिल होते हैं। सचिव श्रीमती स्नेहा राठौड़ ने कहा कि विशेष बच्चों के लिए खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आनंद का माध्यम है। स्पेशल ओलंपिक भारत छग के डायरेक्टर प्रमोद तिवारी एवं स्पोर्ट्स एक्सपर्ट रवि जैन ने भी अपने विचार रखे।




## संक्षिप्त खबरें

### अच्छी फसल के लिए की खेत खार में पूजा-अर्चना



धमतरी। ग्राम रूद्री में किसानों ने अच्छी फसल के लिए खेतों की पूजा की। पंडित निलेश त्रिवेदी ने पूजा संपन्न कराई। मौके पर प्रीतम साहू, राधेश्याम साहू, डोमार साहू, पदुम साहू, राजेश्वर साहू, बिरझू साहू, खेलूराम साहू, केवल साहू, केशव साहू, बैगा गणेश ध्रुव, कोटवार उपेन्द्र दास मानिकपुरी,सेवक गिरधर साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### सिंधौरी खुर्द में ऋषि पंचमी मनी



धमतरी। ग्राम सिंधौरीखुर्द में बैगा कृपा यादव के निवास में ऋषि पंचमी मनाई गई। नाग पूजा के बाद गुरु भक्तों ने खीरा, लाई, नागिन जड़, करेला, कुंदरु, नारियल का प्रसाद बांटा व सामूहिक भोज कराया। मौके पर हीरा यादव, भुवन, विनोद, कमलेश यादव, संतराम, भोला, छत्रपाल, बहुराज, महेश, आनंद, पुराण मानिकपुरी, मानदास यादव, दानू यादव, सुभाष सोनवानी उपस्थित थे।

### सीएम विष्णुदेव साय का महापौर ने किया स्वागत



धमतरी। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर अपनी प्रथम विदेश यात्रा पूर्ण कर लौटे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा छत्तीसगढ़ के विकास एवं निवेश की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा।







